## सार-समाचार

### खनन कार्य का विरोध जताया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में कान्हा पहाड़ में फिर से शुरू हुए खनन कार्य का विरोध शुरू हो गया हैं। आबादी क्षेत्र के नजदीक कान्हा पहाड में खनन और अवैध ब्लास्टिंग के विरोध में बड़ी संख्या के कान्हा पहाडी के आसपास रहने वाले लोग पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा की अगुवाई में खनन क्षेत्र के समीप पहुंचे। खनन बन्द करवाने की मांग को लेकर बस्ती के वाशिंदे धरने पर बैठ गए हैं। पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा ने कहा कि आबादी क्षेत्र के नजदीक कान्हा पहाड में जिस ब्लास्टिंग से खनन को लेकर लोग दहशत के साए में हैं। ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आ गई हैं। खनन क्षेत्र में बड़े गड्ढों में भरे पानी मे अब तक आठ जनों की मौत हो चुकी हैं। किसी को भी मुआवजा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आबादी क्षेत्र के नजदीक खनन को लेकर उनका विरोध जारी रहेगा। बड़ी संख्या में लोग धरने पर बैठे रहे। आंदोलन को लेकर कान्हा पहाड में भारी संख्या में पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। त्वरित अनुसंधान सेल के एडिशनल एसपी फूलचंद मीणा व पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा ओर बस्तीवासियों से समझाइश की। हालांकि आज आंदोलन की सूचना के चलते पहले ही खनन कार्य बंद कर दिया गया था। इसलिए दोनों पक्षों की वार्ता सकारात्मक रही। लेकिन पूर्व मंत्री गुढा ने चेताया कि इस बार यदि खनन चालू हुआ तो आर-पार की लड़ाई होगी और ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

### मानक क्लब एक्सपोजर विजिट पर गोष्ठी

**सादुलपुर,** (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ की कक्षा 9 व 11वीं की छात्राएं दल प्रभारी राहुल इंदौरियां एवं दल सहप्रभारी विमलेश चन्द्र के मार्गदर्शन में मंगलवार को एक दिवसीय मानक क्लब इंडस्ट्रीयल एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र चांदगोठी के भ्रमण पर रही। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शाम पांच बजे दी जानकारी में बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के साथ ही मानकों के संदर्भ में तार्किक चिंतन को बढावा देना है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बलबीर सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सब्जेक्ट मेटर स्पेशलिस्ट डॉ. शौकत अली ने विभिन्न फसलों के उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट एवं कृषि के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

### वार्षिकोत्सव मनाया

**चूरू** (निसं)। उस्मानाबाद कॉलोनी स्थित नव ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष निजामुद्दीन खान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी गीतों पर एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्था सचिव अरशद खान ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाष डाला। प्रधानाचार्य सतार खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वंदना प्रजापत, अजीज खान, सलीम खान, शाहनवाज भाटी, अरुणा सैनी, पूजा कंवर, रिया, तारा आदि ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सानिया खान, अनीस, जैनब व सिमरन ने संयुक्त रूप से किया।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**उदयपुरवाटी** (निसं)। निसं।किशोरपुरा ढहर में सडक सुरक्षा कोड फाउंडेशन समिति के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सडक सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिविर में 80 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। शिविर के संयोजक एवं सडक सुरक्षा कोड समिति के फाउंडर वेदप्रकाश सैनी ने युवाओं को सडक सुरक्षा व यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर शिविर में सरपंच मोहनलाल सैनी, सुरेश कुमार सैनी, नरेश फौजी, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, एडवोकेट मोतीलाल सैनी उदयपुरवाटी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में शीशराम ठेकेदार, फूल चंद, सीताराम, रोहिताश्व, महेंद्र, श्रीराम, मंगल चंद, नेमीचंद, बंटी कुमार, शीशपाल, निवास, राहुल, सुभाष, दीपक, महेश, जयदयाल सैनी मदन लाल, राजू सैनी सहित कई उपस्थित रहे।

### भामाशाह ने विद्यालय में कंप्यूटर मय प्रिंटर व ट्रेक सूट भेंट किए

**कोलसिया,** (निंसं)। कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय वृंदावन कोलसिया में एचएमटी ग्रुप के भामाशाह हेमंत सिंह दूत ने कम्प्यूटर एवं स्केनर मय प्रिंटर व समस्त विद्यार्थियों के लिए 60 ट्रैक सूट भेंट किए और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रधानाध्यापक रामावतार कल्याण ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ डिजिटल एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व को बताते हुए। इस अवसर पर शिंभूदयाल दूत, पूर्व सरपंच कुरड़ाराम दूत, पीईईओ राजेंद्र सिंह, रवि कुमार पारीक, सुभाष मूंड सिंगनौर, विनोद सुनिया, पंकज गढ़वाल, सुरेश मेचू, मदनलाल सर्वा, निर्मला कुमारी, हनुमानबक्श, राजेश कुमार आदि मौजूद थे। संकुल प्रभारी विनोद कुमारी ने भामाशाह हेमंत सिंह दूत की प्रशंसा करते हुए विद्यालय कार्यव्यवस्थाओं की सराहना की।

### ट्रेन की चपेट से महिला की मौत

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के नेता की ढाणी के समीप एक महिला की मुंबई से हिसार जा रही दुरंतो ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शहर के नेता की ढाणी के नजदीक मुंबई से हिसार जा रही दुरंतो के आगे महिला आ गई। इससे उसकी मृत्यु हो गई। लोको पायलट ने ट्रेन को रोका। इसकी सूचना झुंझुनूं स्टेशन पर दी गई। सूचना पर जीआरती मौके पर पहुंची। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाने के एएसआई यूसुफ अली मौके पर पहुंचे। शिनाख्त नहीं होने पर शव को बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ना केवल महिला की पहचान में जुटी हुई है। बल्कि यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि महिला की मौत का कारण हादसा है या फिर आत्महत्या। बहरहाल, पुलिस महिला की शिनाख्त में जुटी हुई है।

### महाशिवरात्रि आज

**झुंझुनूं,** (निंसं)। राणी सती रोड स्थित लावरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बुधवार को श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया जाएगा। संस्था के ट्रस्टी एवं अध्यक्ष इंद्र कुमार मोदी ने बताया कि शिव रात्रि के दिन मंदिर में फूलों का आकर्षक शृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट से भी सजाया जाएगा। मंदिर परिसर में सुबह छह बजे से ही पूजा अर्चना के लिए शिव भक्तों का आवागमन शुरू हो जाएगा। जिन्हें प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। रात्रि में पंडित उमेश एवं सर्वेश सहित विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंदिर ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्य सपरिवार भोलेनाथ की चार प्रहर की विधि विधान के साथ रात्रि आरती एवं पूजा अर्चना के साथ भगवान शंकर का दूध से अभिषेक भी करेंगे।

### गौमाता को गुड़ खिलाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। युवा नेता व आरटीआई कार्यकर्ता यशवर्धन सिंह शेखावत पुत्र डॉ. मूलसिंह शेखावत पूर्व विधायक ने मंगलवार को गौशाला आकर अपने हाथों से गौमाता को गुड एवं गेहूं के आटे से बनी रोटियां खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर उपस्थित श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान एवं पूर्व कोषाध्यक्ष नरोत्तमलाल राणासरिया ने उनको दुपट्टा ओढ़ाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर श्रीगोपाल गौशाला झुंझुनूं की ओर से स्वागत अभिनंदन किया। गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर शेखावत ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे जयपुर रहते हैं। वहां की और अन्य स्थानों की गौशालाओं को भी देखते रहते हैं। परंतु यहां की व्यवस्था वाकई में शानदार है। गौ सेवा में किया जा रहे कार्य सराहनीय है।

### घनश्याम सैनी को पीएचडी की उपाधि

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के नवलगढ़ के घनश्याम सैनी ने मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। घनश्याम सैनी ने प्रवास और सामाजिक विकास एक समाजशास्त्रीय अध्ययन: झुंझुनूं जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। सैनी ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर श्याम एस कुमावत के निर्देशन में पूर्ण किया। घनश्याम सैनी हाल में एसके कन्या महाविद्यालय सीकर में सहायक आचार्य समाजशास्त्र पद पर कार्यरत है। सैनी अपने परिवार मे पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले चौथे सदस्य है।

# प्रेम रामायण और कवि सम्मेलन ने चूरू वासियों को मंत्रमुग्ध किया

■ प्रेम रामायण में राम-सीता संवाद का मंचन हुआ

**चूरू,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में चल रहे चूरू महोत्सव- 2025 का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में प्रेम रामायण लाइव थिएटर का प्रदर्शन किया गया और कवि सम्मेलन में कवियों ने साहित्यिक प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, सांसद राहुल कस्वां, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक ने शिरकत की।

चूरू महोत्सव-2025 के समापन समारोह में प्रसिद्ध रंगकर्मी अतुल सत्य कौशिक द्वारा लाइव थिएटर 'प्रेम रामायण' का मंचन किया गया। प्रेम रामायण में राम- सीता, उर्मिला- लक्ष्मण संवाद के मंचन ने दर्शकों को मंत्रामुग्ध कर दिया।

इसके बाद कवि सम्मेलन में लोकेश कुमार सिंह साहिल, अरुण जैमिनी, अमर अक्षर, जुबैर अली ताबिश, विवेक पारीक, इति शिवहरे ने साहित्यिक प्रस्तुतियां दी। विवेक पारीक ने वीर रस की कविताओं से श्रोताओं में जोश भरा, वहीं जुबैर अली ताबिश ने शायरियों की प्रस्तुति दी। अमन अक्षर और इति शिवहरे ने सौंदर्य व श्रृंगार रस की कविताओं की प्रस्तुति दी। लोकेश कुमार साहिल ने कवि सम्मेलन का संचालन किया।

अरुण जैमिनी ने हास्य रस की कविताओं से श्रोताओं को खिलखिलाने पर मजबूर कर दिया। तहसीलदार अशोक गोरा ने मुक्तक प्रस्तुत किए। संचालन एपीआरओ चंद्रशेखर पारीक व प्रीति सक्सेना ने किया।

इस दौरान पूर्व सभापति विजय शर्मा, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, तहसीलदार झाझड़िया, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, हेम सिंह, नारायण बालाण, धर्मेंद्र राकसिया, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र बुडानिया, सुनील ढाका, श्रीराम पीपलवा, मदनगोपाल बालाण सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

चूरू महोत्सव- 2025 के तीसरे दिन समारोह स्थल पर कला मंच में राजेंद्र शेखावत द्वारा निर्देशित 'आपां नै बेटी बचाणी है' राजस्थानी भाषा फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे प्रतिभागियों, नागरिकों, कलाकारों, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने फिल्म देखी। निर्माता व निर्देशक राजेन्द्र शेखावत ने फिल्म निर्माण, निर्देशन, अभिनेताओं, कलाकारों के बारे में जानकारी दी। आशीष गौतम ने फिल्म में किरदारों के बारे में जानकारी दी।

चूरू महेत्सव के तीसरे दिन समारोह स्थल पर संवाद मंच में साहित्य उत्सव का आयोजन किया गया। साहित्य उत्सव में विभिन्न चर्चा सत्रों में साहित्यकारों व विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए रोचक जानकारी साझा की।

इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, कमल कोठारी ने साहित्यकारों व विषय विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। संचालन प्रीति सक्सेना, एपीआरओ चंद्रशेखर पारीक, बजरंग हर्षवाल ने किया।

चूरू महोत्सव - 2025 के दौरान एकल नृत्य जूनियर वर्ग में कनिका चौधरी प्रथम, सौम्या शर्मा द्वितीय, पूर्विका शर्मा तृतीय, सीनियर वर्ग में श्रुति क्याल प्रथम, लक्ष्मी शर्मा द्वितीय, पारुल दर्जी तृतीय, वादन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रितेश प्रजापत प्रथम, गोविंद कुमार द्वितीय, बजरंग कुमार हर्षवाल तृतीय, कविता पाठ प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में मोक्षिका पारीक प्रथम, मोहम्मद शाहिद द्वितीय, फैसल व शिवालिका राठौड़ तृतीय, सीनियर वर्ग में तन्जीम बानो प्रथम, यशवर्धन शर्मा द्वितीय तथा हिमांशु भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार गायन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में तेजस हारित प्रथम, मीरां कंवर नाथावत द्वितीय, रजत दाधीच तृतीय, सीनियर वर्ग में सांवरमल प्रथम, रितेश प्रजापत द्वितीय व ममता स्वामी तृतीय, समूह नृत्य प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में लक्षिता प्रथम, कलिंजा गोठवाल द्वितीय, इशिका जांगिड़ तृतीय, सीनियर वर्ग में हिमांशी प्रथम, कनिका द्वितीय, अलवीरा खान तृतीय, मिस चूरू प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में श्रेया लांबा प्रथम, परी दाधीच व स्नेहा दाधीच द्वितीय, साक्षी कल्ला तृतीय, सीनियर वर्ग में भाग्यश्री शर्मा व मन्नत सोनी प्रथम, खुशबू बोचीवाल द्वितीय व कोयल कंवर तृतीय, मिस्टर चूरू प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में राकेश बेनीवाल प्रथम, राहुल शर्मा द्वितीय, दिनेश प्रजापत तृतीय, मिसेज चूरू प्रतियोगिता में कांता सोनगरा प्रथम, सरोज कुमारी प्रजापत द्वितीय व राजेश कुमारी तृतीय स्थान पर रहे।

इसी क्रम में विचित्र वेशभूषा सीनियर वर्ग में नीतू गोस्वामी प्रथम, सरीता स्वामी द्वितीय, संदीप सोनी तृतीय, जूनियर वर्ग में नवधि जोशी प्रथम, श्रेष्ठा शर्मा द्वितीय, अभय सिंह राठौड़ व ज्योति तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में वानिया प्रथम, सीनियर वर्ग में ममता बजाज प्रथम, कविता सोनी द्वितीय, कमलेश जांगिड़ तृतीय, मेहंदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कनिष्का प्रथम, आरती नायक द्वितीय, प्रिया जांगिड़ तृतीय, सीनियर प्रतियोगिता में पल्लवी जांगिड़ प्रथम, ममता प्रजापत द्वितीय, मोनिका प्रजापत तृतीय, नेल आर्ट प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में मन्नत सोनी प्रथम व सरिता सैनी द्वितीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में सानवी सोनी प्रथम, विवेक सिंह द्वितीय, देवांक गौड़ व कीर्ति तृतीय, सीनियर वर्ग में वंशिका शर्मा प्रथम, रीना द्वितीय, मुस्कान तृतीय स्थान स्थान पर रहे।

## बाबा श्याम की भव्य निशान व शोभायात्रा आज निकलेगी

■ श्याम अखंड ज्योति पाठ में उमड़ा जन सैलाब, नृत्य नाटिका व सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही

**चूरू** (निसं)। स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर मंगलवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंदिर के पुजारी संतोष बुढाढरा ने बाबा श्याम के दरबार के समक्ष अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आशीष शर्मा आशु व मनीष राज खांडल ने संगीत मय अखंड ज्योति पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम प्रभु की प्रबल छाया आदि भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं से खूब वाहवाही लूटी।

शर्मा ने आयो सांवरिया सरकार लीला पर चढ़ के, फागण आयो रे सांवरिया थारी खाटू नगरी में, हो थारी मोर छड़ी लहराई रे, ओ खाटू वाले श्याम छम छम नाच देखो वीर हनुमाना आदि शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान श्री श्याम मित्र मंडल आयोजन समिति द्वारा भव्य श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। अखंड ज्योति पाठ में उमांस ओजस आर्ट ग्रुप हिसार के रोहित चौहान के सानिध्य में शिवपूजन अहल वति सब सखिया मंगल गावे, भीम अहलवति विवाह, श्याम जन्मोत्सव, अहिल्वती, बाबरिक पूजन टप टप लीला घोड़ा, शीश का दान, खाटू में प्रगट हुए श्याम आदि सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। श्री श्याम मित्र मंडल आयोजन समिति के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया की बुधवार को दोपहर 1:15 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य निशान व श्री श्याम प्रभु की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के पंचमुखी बालाजी मंदिर होते हुए गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर, सुभाष चौक, सब्जी मंडी, भाईजी चौक, जलेबी चौक, ओझा मार्ग, सोती भवन, बद्रीनाथ मंदिर से प्रतिभा नगर होते हुए वापस श्याम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में नासिक का ढोल फौजी बैंड व हिसार के कलाकारों द्वारा संजीव झांकियां व नृत्य नाटिका आकर्षण का केन्द्र होगी। इस अवसर पर मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर के पूर्व कार्यकर्ताओं का आयोजन समिति द्वारा दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश चंद्र नवहाल ने किया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**झुंझुनूं,** (निसं)। पटेल नगर स्थित प्रेरक पब्लिक स्कूल का सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि मान महेंद्र सिंह भाटी थे। अध्यक्षता स्कूल डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद रामावतार महला, राजेश अग्रवाल, पार्षद शंभूदयाल नेहरा, सहाबुद्दीन थे। कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर्स विद्यार्थियों का मोमेंटो के साथ सम्मान किया गया।

# वार्षिकोत्सव में थिरके कदम, होनहारों को सम्मानित किया



मिलेनियम शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव मनाया गया।

**चूरू** (निसं)। स्थानीय वार्ड 31 स्थित मिलेनियम शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव मंगलवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद विश्व नाथ जांगिड़ थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता किसन लाल सैनी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कुकू ग्रुप द्वारा लूंगी डांस व खुशबू ग्रुप की ओर से ढ़ोल-बाजे की शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों ने सत्र 2020 से 2024 तक के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अख्तर खान ने कहा कि शिक्षा समाज का अभिन्न अंग है। इसे हम एक दूसरे में बांट नहीं सकते। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के संदेश पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां दो घरों का नाम रोशन करती है। अत: हमें बेटियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करना चाहिये। व्यवस्थापक कैलाश कुमार सैनी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मैना सैनी, अनिता, सुमन, ओमप्रकाश, गोविंद सैनी, विकास भार्गव, पियूष, अंजू सैनी, अंजू प्रजापत, अनिता प्रजापत, आरजू बानो, तमन्ना बानो, मनीषा सैनी, फरियाद खान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक संपत सिंह गौतम व मोनिका चारण ने किया।

## विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सीबीईओ राजेंद्र प्रसाद कुमावत थे। अध्यक्षता संस्था चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने की। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद कुमावत ने विद्यार्थियों को तनाव से मुक्त रहकर परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स बताए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। एंजिल, स्नेहा, जिया व निशिता ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से शुभकामनाए दी। संस्था चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उन्हें शुभकामनाए दी। प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला, विशिष्ट अतिथि प्रिंस स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल अनिता शर्मा, महेंद्र सैनी आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।


**विवायकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महोदय, नवलगढ़**
**खुर्शीद वगैरह बनाम मदिना वगैरह**
**वाद बाबत शून्य व अवैध घोषित करने गिफ्ट डीड दिनांक 20.04.2015 व स्थाई निषेधाज्ञा**
वाद संख्या 29/17
(1) मो. आरिफ पुत्र मो. युसुफ, (2) राबिया पत्नी मो. युसुफ, (3) ताहिरा पुत्री मो. युसुफ जाति व्यापारी निवासीगण वार्ड नं. 15 नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं हाल आबाद कुवैती मस्जिद के पास दीदी की बाड़ी फतेहपुर शेखावाटी जिला सीकर (राज.), (4) अयुब जाफर, (5) एजाज उल हक पुत्र जाफर, (6) सरफराज पुत्र जाफ, (7) कयूम पुत्र महमूद समस्त जाति व्यापारी निवासीगण वार्ड नं. 15 नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.) ने आपके विरूद्ध दावा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 01.03.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा का प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावें या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह वाद ता. 28 माह 01 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**न्यायाधीश**
**वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, नवलगढ़**
**जिला झुंझुनूं (राज.)**



**न्यायालय सिविल न्यायाधीश**
**नीमकाथाना जिला सीकर**
**इश्तिहार**
**कैलाशचन्द दत्तक पुत्र अर्जुनराम उर्फ अर्जुनलाल उम्र 63 साल जाति मीणा निवासी वार्ड नं. 7 गावंड़ी तहसील नीमकाथाना जिला सीकर राज.**
वादी
**बनाम**
**1. राज्य सरकार जरिये जिला कलक्टर नीमकाथाना हाल जिला सीकर, 2. हर खास व आम**
प्रतिवादीगण
वाद पत्र संख्या **सी.आई.एस. नं. 01/2025**
पेशी दिनांक **24.03.2025**
**वाद बाबत घोषणा**
उपरोक्त वादी ने इस न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर जाहिर किया है कि अर्जुनराम उर्फ अर्जुनलाल पुत्र बींजाराम जाति मीणा निवासी गांवड़ी के दात्पत्य जीवन में कोई पुत्र संतान पैदा नहीं होने एवं भविष्य में संतान न होने की संभावनाओं को देखते हुए अपने वंश को कायम रखने के लिए वादी को गोद पुत्र के रूप में स्वीकार कर लिया था। जिसका नाम सरकारी रिकॉर्ड में भी बतौर दत्तक पुत्र दर्ज हो रहा है। वादी ने अपने आपको स्व. अर्जुनराम उर्फ अर्जुनलाल पुत्र बींजाराम जाति मीणा निवासी गांवड़ी का गोद पुत्र घोषित किये जाने की सहायता इस न्यायालय में चाही है। अतः हर खास व आम को सूचनार्थ प्रकाशित कराया जाकर लेख है कि उक्त वादी कैलाशचन्द को अर्जुनराम उर्फ अर्जुनलाल पुत्र बींजाराम जाति मीणा निवासी गांवड़ी का दत्तक पुत्र घोषित किये जाने में कोई आपत्ति या उज्र हो, तो दिनांक 24.03.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपने प्रमाण प्रस्तुत करें। अन्यथा पृथक से अग्रीम कार्यवाही कर न्यायोचित आदेश पारित कर दिया जावेगा। आदेश दिनांक 24.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**न्यायालय सिविल न्यायाधीश**
**नीमकाथाना जिला सीकर**


## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। मंगलवार को श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। महान भौतिकशास्त्री सर सीवी रमन के महत्वपूर्ण योगदानों के स्मरण में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यान, चलचित्र प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने भारत की प्राचीन समर्थ वैज्ञानिक उपलब्धियों की आधुनिक प्रासंगिकता के महत्व से अवगत कराते हुए इनके समुचित सकारात्मक उपयोग पर जोर दिया। अतिथि व्याख्यान के दौरान डॉ. संदीप शर्मा ने सर सीवी रमन की वैज्ञानिक उपलब्धियों को साझा करते हुए विज्ञान भारती एवं भारतीय वैज्ञानिकों के अभूतपूर्व उपलब्धियों की विश्वव्यापी अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। चलचित्र प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को सर सीवी रमन के जीवन वृत एवं योगदानों का सचित्र प्रदर्शन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रिया, तपस्या एवं मोहित ग्रुप प्रथम, हर्षिता, प्रकृति एवं प्रियंका ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में अमित सिंह प्रथम, दिव्या द्वितीय एवं राधा शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम संयोजक उदय सिंह सहायक आचार्य भौतिक शास्त्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## झुग्गी झोपड़ियों और कच्ची बस्तियों में रहने वाले संदिग्धों की जांच की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के प्रांत धर्मप्रसार प्रमुख सीएम भार्गव के सानिध्य एवं जिला मंत्री जयराज जांगिड़ की अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पुलिस महानिदेशक जयपुर के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें जिले के झुंझुनूं, चिड़ावा, पिलानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों के झुग्गी-झोपड़ियों व कच्ची बस्तियों में रहने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान की जाए। ऐसा ज्ञात हुआ है कि इनमें से अनेक रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठिए रह रहे है। ऐसी संभावना है कि इनके कारण जिले के विभिन्न जगहों पर चोरियां एवं आपराधिक घटनाएं हो रही है। इनके पास विभिन्न राज्यों के भिन्न-भिन्न पहचान पत्र है। ऐसे लोग जिले की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। यह समस्या जिले मे ही नहीं संपूर्ण भारत में है। अन्य शहरों में इनकी पहचान कर इनको देश से निष्कासित किया गया है। विहिप ने जल्द से जल्द इनकी गहनता से जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही इन पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस मौके प्रांत धर्म प्रसार कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र कुंडलवाल, बजरंग दल जिला संयोजक सुशील प्रजापति, बजरंग दल नगर संयोजक पिंटू कुमावत, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख शुभम कुमावत, पार्षद अशोक प्रजापति, मनोज कुंडलवाल, पूर्व पार्षद मनोज कुमावत, रोहन सैनी, अशोक सैनी, रतनलाल शर्मा, मनोज कुमावत, राहुल कुमावत, अमित सिंह चौहान, जितेंद्रसिंह, उदयसिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट परिणाम देने वाली टीम का सम्मान

■ श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान गोल्ड व सिल्वर के साथ किया गया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सीसै स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सुप्रवेगा 2025 यूटीआई सीकर के सचिव वरिष्ठ आरएएस जेपी गौड की अध्यक्षता एवं चंचलनाथ टीले के महंत ओमनाथ महाराज के मुख्य आतिथ्य में एसीआई खेल मैदान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पीएल भालोठिया, मेडिकल कॉलेज के सहायक सह आचार्य डॉ. अभय सिंह पड़िहार, काया अस्पताल की निदेशक व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलशन बानो, डॉ. मनोज वर्मा, इंदौरिया गुरूकुल निदेशक अमित शर्मा, श्री डोट्स निदेशक मो. इब्राहिम खान, गोमती कॉलेज निदेशक चंदू शर्मा, टीकेएन फायर सेफ्टी से मनोज सिंह, अभिनंदन शोरूम से अमित पाटोदिया, संस्थान संरक्षक गोकुलचंद शर्मा व शिक्षाविद विद्याधर शर्मा, दैनिक उद्योग आस पास से पत्रकार सुजीत शर्मा, काजला हॉस्पिटल से डॉ. नरेंद्र काजला, स्काईलाइन अस्पताल से डॉ. अल्ताफ, समाजसेवी पवन शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में एसीआई ग्रुप ऑफ एज्युकेशन समिति के द्वारा संचालित स्कूल व कोचिंग संस्थान में बोर्ड कक्षा 10 व 12 तथा नीटी, आईआईटी प्रतियोगी परीक्षा 2024 में सफल होने वाले विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान गोल्ड व सिल्वर के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर एक शानदार और रंगीन कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम का मुख्य आकृषण नारी शक्ति का महिमामंडन करते हुए एक ऐसी प्रस्तुति जिसने उपस्थित जनसमूह को नारी की वर्तमान दशा पर सोचने के लिए विवश कर दिया।

वहीं नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा मोबाइल के दुष्प्रभाव का मार्मिक वर्णन, द्विज व प्रिंस ग्रुप द्वारा नए क्लेवर में भक्ति भाव से ओत प्रोत हनुमान चालीसा, सांची व रूषिल ग्रुप द्वारा साहस और एवं शौर्य का प्रतीक झांसी की रानी एक्ट व सौन्दर्या, प्रियांशु ग्रुप द्वारा शिव अघोरी नृत्य रहा। जिसने उपस्थित सभी श्रोताओं को मंतमुग्ध कर महाकाल की दुनिया में खोने पर मजबूर कर दिया। साथ ही पूरा माहौल महाकाल मय हो गया। समारोह में विशेष रूप से विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अकादमिक और सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में वर्ष पर्यंत शानदार प्रदर्शन किया था। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और आगे भी अपने लक्ष्यों को ऊंचा रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि विद्यार्थियों को समाज में अपने योगदान को पहचाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। संस्था निदेशक ने पुरस्कृत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक एवं सहशैक्षिक उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, चूरू**

क्रमांकः सखअ/चूरू/अप्र/2660 | दिनांक :- 25.02.2025

**-: विज्ञप्ति :-**

इस कार्यालय के क्षैत्राधिकार में निकट ग्राम रणधीसर तहसील - सुजानगढ़, जिला चूरू में स्वीकृत खननपट्टों के पट्टाधारी / पट्टाधारी फर्म के भागीदार का स्वर्गवास होने उनके वारिसान द्वारा शपथ पत्र / सहमति पत्र प्रस्तुत कर कॉलम संख्या 05 में अंकित व्यक्ति के पक्ष में खननपट्टा का नामान्तरण हेतु आवेदित हैः-

| क्र. स. | एम.एल. नं. व नाम पट्टाधारी | मृत्यु दिनांक/ नामान्तरण आवेदन तिथि | वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने वाला व वारिसान के नाम | खननपट्टा का नामान्तरण जिनके नाम से आवेदित है |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. |
| 1 | एम.एल.48/1978 श्री सुरजाराम खटीक पुत्र श्री हनुमानाराम खटीक, | 05.10.2001 / 04.05.2015 | प्रशासन पत्र न्याया0 अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, रतनगढ़, कैम्प सुजानगढ़ द्वारा दिनांक 07.05.2025 को जारी (1) रूकमणी देवी (पुत्री), (2) श्रीमति भगवानी देवी (पुत्री) | (1) श्रीमति रूकमणी देवी पत्नि स्व0 मालचन्द खटीक, निवासी-रणधीसर, सुजानगढ, चूरू व (2) श्रीमति भगवानी देवी पत्नि श्री सत्यनारायण खटीक, निवासी-रणधीसर, सुजानगढ, चूरू |
| 2 | एम.एल. 54/1990 श्री किशन सिंह गहलोत पुत्र श्री धूड़ाराम गहलोत, | 05.09.2015 / 15.06.2022 | पार्षद वार्ड न. 69, नगर निगम बीकानेर दिनांक 25.11.2022 (1) पुष्पा गहलोत (पत्नि) (2) महेन्द्र सिंह गहलोत (पुत्र) (3) सुरेन्द्र सिंह गहलोत (पुत्र) (4) नीतू गहलोत(पुत्री) (5) मीना गहलोत (पुत्री) | श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत पुत्र स्व0 किशन सिंह गहलोत, निवासी-रानीसर बास, एम.एस. कॉलेज, बीकानेर |
| 3 | एम.एल. 25/1979 श्री भगवानदत्त लाटा पुत्र स्व0 रामकुमार लाटा | 06.06.2014 / 22.09.2021 | कुसीनामा ग्राम पंचायत, जसवन्तगढ़ (नागौर) द्वारा जारी। जिनमें वारिसानः-(1) सोहनदेवी(पत्नि) (2) तारादेवी(पुत्री) (3) लोकबन्धु(पुत्र) (4) गुरूप्रसाद (पुत्र) (5) सीताराम (पुत्र) (6) कन्हैया लाल(पुत्र) (7) चन्दा देवी(पुत्री) (8)उमाकान्त(पुत्र) (9)तिलोकचन्द (पुत्र) | श्री गुरूप्रसाद पुत्र स्व0 भगवानदत्त लाटा, कोठारी सेड़ सुजानगढ़ |
| 4 | एम.एल. 42/1978 श्री मॉगीलाल पुत्र श्री घीसाराम जाट | 16.12.2022 / 04.01.2023 | कार्यालय तहसीलदार(भू.अ.), सुजानगढ़, चूरू के पत्र दिनांक 06.02.2023 के अनुसार हल्का पटवारी द्वारा जारी किया। जिसमें वारिसान में (1) लिछमादेवी(पत्नि) (2) दीपिका (पुत्री) (3) आकाश (पुत्र) | श्रीमति लिछमा देवी पत्नि स्व0 मॉगीलाल जाट, वार्ड नं. 07, कस्बा छापर, तहसील-सुजानगढ़, जिला-चूरू |
| 5 | एम.एल. 161/1980 सर्वश्री अम्बे माईन्स एण्ड मिनरल्स, रणधीसर | 24.06.2023 / 21.07.2023 | फर्म के एक भागीदार श्री झूमरमल खिलेरी का स्वर्गवास होने पर कुसीनामा ग्राम पंचायत, हरासर, पंचायत समिति, सुजानगढ़(चूरू) द्वारा जारी जिसमें वारिसान-(1) लक्ष्मीदेवी (पत्नि) (2) सत्यनारायण (पुत्र) (3) बनवारीलाल (पुत्र) (4) सुमन (पुत्री) | श्री सत्यनारायण खिलेरी पुत्र स्व0 झूमरमल खिलेरी, वार्ड नं. 38, प्रगति नगर, सुजानगढ़, चूरू |

माननीय न्यायालय अतिरिक्त निदेशक (खान), उदयपुर के आदेश दिनांक 31.01.2025 व 05.02.2025 द्वारा खननपट्टे के खण्डित आदेश अपास्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त खननपट्टा के नामान्तरण (म्यूटेशन) कॉलम संख्या 05 में दर्ज व्यक्ति के नाम दर्ज होने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस मे कार्यालय में पेश करें, अन्यथा नामान्तरण (म्यूटेशन) की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**(एन.एल. मेघवाल)**
**सहायक खनि अभियन्ता**
**खान एवं भू विज्ञान विभाग चूरू (राजस्थान)**